प्रस्ताव पत्र बैंक वेबसाइट द्वारा प्राप्त करें। प्राधिकृत

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

## राज्य के सभी डिग्री महाविद्यालयों (अंगीभूत/संबद्ध/अल्पसंख्यक) में सत्र 2023–24 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का सत्र 2024–25 के लिए 12वीं कक्षा में नामांकन के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शिक्षा विभाग, बिहार के पत्रांक 09/विविध–07/2024 – 282 दिनांक 09.03.2024 के द्वारा सत्र 2023–24 में डिग्री महाविद्यालयो में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का सत्र 2024–25 में कक्षा–12वीं में नामांकन राज्य के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कराने का निदेश दिया गया है।

शिक्षा विभाग के उक्त निदेश के आलोक में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा विज्ञप्ति संख्या– पी0 आर0 114/2024 के द्वारा डिग्री महाविद्यालयों (अंगीभूत/संबद्ध/अल्पसंख्यक) में सत्र 2023–24 में 11वीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों को सत्र 2024–25 में कक्षा–12वीं में किसी अन्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुविधानुसार नामांकन हेतु OFSS वेबसाईट पर ऑनलाईन विकल्प भरने की सूचना प्रकाशित की गयी।

पुनः समिति के विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 118/2024 के माध्यम से यह सूचित किया गया कि राज्य के डिग्री महाविद्यालयों में 11वीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थी जो अपने ही महाविद्यालय में 12वीं कक्षा में नामांकन लेना चाहते हैं, वे OFSS के माध्यम से वेबसाईट **www.ofssbihar.in** पर मात्र अपने महाविद्यालय का ही विकल्प भरेंगे, उन्हें किसी अन्य महाविद्यालय में नामांकन लेने का अवसर नहीं मिलेगा। अर्थात् 11वीं कक्षा में राज्य के डिग्री महाविद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थी 12वीं कक्षा में यदि चाहें तो मात्र अपने महाविद्यालय में नामांकन का विकल्प भर सकते हैं तथा वे किसी अन्य महाविद्यालय में नामांकन हेतु विकल्प नहीं भर सकते हैं।

**उक्त के संबंध में संबंधित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, डिग्री महाविद्यालयों (अंगीभूत/संबद्ध/अल्पसंख्यक) के प्राचार्यो, सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं सभी जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि–**

1. राज्य के डिग्री महाविद्यालयों में सत्र 2023–24 में 11वीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों को दिनांक– 21.03.2024 से 31.03.2024 तक राज्य के इन्टरस्तरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र 2024–25 में कक्षा 12वीं में नामांकन हेतु OFSS वेबसाईट पर ऑनलाईन विकल्प की मांग की गयी थी।
2. वैसे विद्यार्थी जिनके द्वारा इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु विकल्प दिया गया है उनका विद्यालय आवंटन संबंधित सूची **दिनांक – 08.04.2024 को** OFSS के बेवसाईट **www.ofssbihar.in** पर प्रकाशित की जायेगी। प्रकाशित सूची के अनुसार सभी विद्यार्थियों को आवंटित इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में **दिनांक – 08.04.2024 से 14.04.2024 तक** नामांकन लेना होगा। नामांकन लेने से संबंधित विस्तृत जानकारी विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 114/2024 में दी गई है।
3. वैसे विद्यार्थी जिनके द्वारा इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थान में नामांकन लेने हेतु विकल्प नहीं दिया गया है अथवा वे उसी डिग्री महाविद्यालय में जहां से उन्होनें 11वीं कक्षा की पढाई की है, में 12वीं कक्षा की पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं तो उन्हें अलग से नामांकन संबंधी कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है अर्थात सत्र 2024–25 में 12वीं कक्षा में उनका नामांकन उसी डिग्री महाविद्यालय में यथावत् माना जायेगा जहां वे सत्र 2023–24 में 11वीं कक्षा में नामांकित एवं अध्ययनरत् थे।
4. विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 114/2024 एवं पी0आर0 118/2024 के शेष शर्ते/निदेश यथावत् रहेंगे।

**उप सचिव–सह–वरीय प्रभारी पदाधिकारी (OFSS)**

पी.आर. 138/2024

Scanned with CamScanner